पंजाब के मुख्यमंत्री की सूची (वर्ष 1947 से अब तक)

samanyagyan.com/hindi/gk-chief-ministers-of-punjab

पंजाब के मुख्यमंत्री (1947-2021): (Chief Ministers of Punjab in Hindi)

पंजाब सामान्य ज्ञान:

पंजाब उत्तर-पश्चिम भारत का एक राज्य है जो वृहद्तर पंजाब क्षेत्र का एक भाग है। इसका दूसरा भाग पाकिस्तान में है। पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह 16 मार्च 2017 को पंजाब के मुख्यमंत्री नियुक्त किये गए हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब के 26वें मुख्यमंत्री बने है। गोपी चंद भार्गव पंजाब के पहले मुख्यमंत्री थे। पंजाब क्षेत्र के अन्य भाग (भारत के) **हरियाणा** और हिमाचल प्रदेश राज्यों में हैं। इसके पश्चिम में पाकिस्तानी पंजाब, उत्तर में जम्मू और कश्मीर, उत्तर-पूर्व में हिमाचल प्रदेश, दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में हरियाणा, दक्षिण-पूर्व में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और दक्षिण-पश्चिम में **राजस्थान** राज्य हैं। राज्य की कुल जनसंख्या 2,42,89,296 है एंव कुल क्षेत्रफल 50,372 वर्ग किलोमीटर है। केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी है, जोकि हरियाणा राज्य की भी राजधानी है। पंजाब के प्रमुख नगरों में अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, पटियाला और बठिंडा हैं।

Quick Info About Chief Ministers of Punjab in Hindi:

वर्तमान मुख्यमंत्री	चरणजीत सिंह चन्नी
राजनीतिक दल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
शपथ ग्रहण की तिथि	16 सितंबर 2021
प्रथम मुख्यमंत्री	गोपी चंद भार्गव

पंजाब का इतिहास:

1947 भारत का विभाजन के बाद बर्तानवी भारत के पंजाब सूबे को भारत और पाकिस्तान दरमियान विभाजन दिया गया था। 1966 में भारतीय पंजाब का विभाजन फिर से गो गई और नतीजे के तौर पर हरियाणा और हिमाचल प्रदेश होंद में आए और पंजाब का मौजूदा राज बना। यह भारत का अकेला सूबा है जहाँ सिख बहुमत में हैं।

पंजाब शब्द का अर्थ:

'पंजाब' शब्द, फारसी के शब्दों 'पंज' पांच और 'आब' पानी के मेल से बना है जिसका शाब्दिक अर्थ 'पांच नदियों का क्षेत्र' है। ये पांच **नदियां** हैं: सतलुज, व्यास, रावी, चिनाब और झेलम। धार्मिक आधार पर सन् 1947 में हुए भारत के विभाजन के दौरान चिनाब और झेलम नदियां पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में चली गयीं।

भारत गणराज्य में किसी भी राज्य की सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री होते हैं। लोकतांत्रिक ढंग से चुनावी प्रक्रिया के बाद चुने गये विधायक अपने नेता का चुनाव करते हैं, जिसे **राज्यपाल** मुख्यमंत्री के पद पर नियुक्त करते हैं। बात अगर पंजाब की करें, तो आप यहां इस राज्य के अब तक के मुख्यमंत्रियों की सूची पढ़ सकते हैं। यहां आप जान सकते हैं कि पंजाब में कब से कब तक कौन मुख्यमंत्री रहे।

वर्ष 1947 से अब तक पंजाब के मुख्यमंत्रियों की सूची:-

क्रमांक	मुख्यमंत्री का नाम	पदभार ग्रहण	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी

क्रमांक	मुख्यमंत्री का नाम	पदभार ग्रहण	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
1	गोपी चंद भार्गव	15 अगस्त, 1947	13 अप्रैल, 1949	कांग्रेस
2	भीम सेन सच्चर	13 अप्रैल, 1949	18 अक्टूबर, 1949	कांग्रेस
3	गोपी चंद भार्गव	18 अक्टूबर, 1949	20 जून, 1951	कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (20 जून, 1951 से 17 अप्रैल, 1952 तक)				
4	भीम सेन सच्चर	17 अप्रैल, 1952	23 जनवरी, 1956	कांग्रेस
5	प्रताप सिंह कैरों	23 जनवरी, 1956	21 जून, 1964	कांग्रेस
6	गोपी चंद भार्गव	21 जून, 1964	6 जुलाई, 1964	कांग्रेस
7	राम किशन	07 जुलाई, 1964	05 जुलाई, 1966	कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (5 जुलाई, 1966 से 1 नवंबर, 1966 तक)				
8	ज्ञानी गुरमुख सिंह मुसाफिर	01 नवंबर, 1966	08 मार्च, 1967	कांग्रेस
9	गुरनाम सिंह	08 मार्च, 1967	25 नवंबर, 1967	शिरोमणि अकाली दल
10	लक्ष्मण सिंह गिल	25 नवंबर, 1967	23 अगस्त, 1968	शिरोमणि अकाली दल
राष्ट्रपति शासन (23 अगस्त, 1968 से 17 फरवरी, 1969 तक)				
11	गुरनाम सिंह	17 फरवरी, 1969	27 मार्च, 1970	शिरोमणि अकाली दल
12	प्रकाश सिंह बादल	27 मार्च, 1970	14 जून, 1971	शिरोमणि अकाली दल
राष्ट्रपति शासन (14 जून, 1971 से 17 मार्च, 1972 तक)				
13	जैल सिंह	17 मार्च, 1972	30 अप्रैल, 1977	कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (30 अप्रैल, 1977 से 20 जून, 1977 तक)				
14	प्रकाश सिंह बादल	20 जून, 1977	17 फरवरी, 1980	शिरोमणि अकाली दल
राष्ट्रपति शासन (17 फरवरी, 1980 से 6 जून, 1980 तक)				
15	दरबारा सिंह	6 जून, 1980	10 अक्टूबर, 1983	कांग्रेस
राष्ट्रपति शासन (10 अक्टूबर, 1983 से 29 सितंबर, 1985 तक)				
16	सुरजीत सिंह बरनाला	29 सितंबर, 1985	11 जून, 1987	शिरोमणि अकाली दल
राष्ट्रपति शासन (11 जून, 1987 से 25 फरवरी, 1992 तक)				
17	बेअंत सिंह	25 फरवरी, 1992	31 अगस्त, 1995	कांग्रेस
18	हरचरण सिंह बरार	31 अगस्त, 1995	21 जनवरी, 1996	कांग्रेस
19	रजिंदर कौर भट्टल	21 जनवरी, 1996	11 फरवरी, 1997	कांग्रेस

क्रमांक	मुख्यमंत्री का नाम	पदभार ग्रहण	पदमुक्ति	दल/राजनीतिक पार्टी
20	प्रकाश सिंह बादल	12 फरवरी, 1997	26 फरवरी, 2002	शिरोमणि अकाली दल
21	अमरिंदर सिंह	26 फरवरी, 2002	01 मार्च, 2007	कांग्रेस
22	प्रकाश सिंह बादल	01 मार्च, 2007	12 मार्च, 2017	शिरोमणि अकाली दल
22	कैप्टन अमरिंदर सिंह	16 मार्च, 2017	16 सितंबर, 2021	कांग्रेस
23	चरणजीत सिंह चन्नी	16 सितंबर, 2021	वर्तमान में	कांग्रेस